
**विडंबना** | बरही नगर में सड़क निर्माण की मांग को लेकर सत्ता पक्ष के 6 पार्षदों ने खोला मोर्चा, सियासी गलियारों में होने लगी चर्चा

# अपनी ही सरकार में सड़क के लिए धरना



**नवभारत, कटनी।** सत्ता के गलियारों में अक्सर विपक्ष सड़क, बिजली और पानी जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरता है, लेकिन बरही नगर में तस्वीर कुछ अलग नजर आई। यहां सड़क निर्माण की मांग को लेकर सत्ता पक्ष के ही 6 पार्षदों को धरने पर बैठना पड़ा। ऊपर से नीचे तक भाजपा की सरकार होने के बावजूद अपने ही क्षेत्र की सड़क बनवाने के लिए जनप्रतिनिधियों का प्रदर्शन करना राजनीतिक रूप से भी चर्चा का विषय बन गया है।

मामला बरही नगर के छिंदिया टोला क्षेत्र का है, जहां हीरापुर-जाजागढ़ सड़क की हालत कई वर्षों से खराब है। सड़क की बदहाली के कारण स्थानीय लोगों को रोजाना आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग कई बार विधायक संजय पाठक और प्रशासन के सामने रखी जा चुकी है। सड़क निर्माण के लिए स्थानीय स्तर पर धरना-प्रदर्शन भी किए गए, लेकिन आरोप है कि अब तक सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों के लिए परेशानी सिर्फ खराब सड़क तक सीमित नहीं है। बरसात के दिनों में सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाता है। इससे वाहन चालकों के लिए सड़क पर निकलना मुश्किल हो जाता है और आए दिन हादसे होने की बात कही जा रही है। बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और खराब हो जाने से लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। गर्मी के दिनों में भी हालात राहत देने वाले नहीं हैं।

सड़क से उड़ने वाली धूल के कारण आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होती है। इसके अलावा घनी बस्ती के बीच से गिट्टी और रेत से भरे दर्जनों बड़े वाहन गुजरते हैं। इन भारी वाहनों की आवाजाही से स्थानीय लोगों के बीच जान-माल के खतरे की चिंता बनी रहती है। लगातार बनी इस समस्या को लेकर आखिरकार सत्ता पक्ष के 6 पार्षदों ने ही मोर्चा संभाल लिया। पार्षद धरने पर बैठ गए और जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की। उनका प्रदर्शन इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण रहा कि जिन जनप्रतिनिधियों के दल की सरकार प्रदेश में सत्ता में है, उन्हीं को अपने क्षेत्र की बुनियादी समस्या को लेकर धरने का रास्ता अपनाना पड़ा।

पार्षदों के धरने की जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार संतोष श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। उन्होंने पार्षदों और मौके पर मौजूद लोगों से समस्या की जानकारी ली। नायब तहसीलदार ने समस्या के समाधान और सड़क निर्माण के लिए जरूरी कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद सत्ता पक्ष के 6 पार्षदों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। अब स्थानीय लोगों और पार्षदों की नजर सड़क निर्माण को लेकर होने वाली आगामी कार्रवाई पर है। लंबे समय से खराब सड़क, बरसात में गड्ढों में भरता पानी, गर्मी में उड़ती धूल और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच सड़क निर्माण की मांग एक बार फिर सामने आई है।



## सड़क के गड्ढे बने तालाब, बढ़ा हादसों का खतरा

**देवरी मझगवां में सड़क के गड्ढों में भरा पानी, ग्रामीणों में आक्रोश**

**नवभारत, कटनी।** कैमोर मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत देवरी मझगवां के पास सड़क की स्थिति खराब हो गई है। सड़क पर बने छोटे गड्ढे बारिश के बाद तालाब जैसी आकृति में बदल गए हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश शुरू होने से पहले ही सड़क की खराब स्थिति और गड्ढों की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत को लेकर ध्यान नहीं दिया गया।

लोगों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप लगाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बने गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। इसके चलते प्रतिदिन ऑटो और दोपहिया वाहन चालक गिर रहे हैं। छोटी कारों के पहिए भी इन गड्ढों में डूब जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को परेशानी होती है और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की स्थिति पहले से खराब होने के बावजूद लोक निर्माण विभाग ने समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई। उनका कहना है कि बारिश से पहले प्रशासन और संबंधित विभाग को समस्या की जानकारी दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि वाहनों और राहगीरों का आवागमन सुरक्षित हो सके और हादसों की आशंकाओं को कम किया जा सके।

### एक नजर में

**सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने पर जुर्माना**

**नवभारत, कटनी।** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध नगर पालिक निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक 4 दुर्गा चौक खिरहनी मुख्य मार्ग के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले 6 लोगों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई। नगर निगम के स्वच्छता अमले द्वारा मौके पर ही कार्रवाई करते हुए संबंधितों से कुल 1100 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। निगम प्रशासन ने नागरिकों से कहा है कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाएं और निर्धारित स्थान पर ही कचरे को फैंके। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी नियमानुसार जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

**सफाई कार्य में लापरवाही पर दो पर्यवेक्षकों को नोटिस**

**नवभारत, कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा वर्षा ऋतु के दौरान नाला-नालियों की सुचारू सफाई सुनिश्चित करने के निर्देशों के बावजूद लापरवाही बरतने पर दो उप स्वच्छता पर्यवेक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी द्वारा जारी कारण बताओ सूचना के अनुसार वार्ड क्रमांक 45 के उप स्वच्छता पर्यवेक्षक दिनेश पासेरिया और वार्ड क्रमांक 5 के उप स्वच्छता पर्यवेक्षक संतोष सोनखरे को अपने-अपने क्षेत्र में नाला-नालियों के अवरुद्ध होने, नियमित साफ-सफाई नहीं किए जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि वर्षा ऋतु से पूर्व ही समस्त नाला-नालियों की सफाई सुनिश्चित करने कार्यप्रणाली में सुधार के लिए भी निर्देश दिए गए थे, लेकिन सुधार नहीं होने पर नोटिस देकर जवाब मांगा गया है।

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विजेता को दिया पुरस्कार

**उमरियापान सरकारी कॉलेज में किया गया आयोजन**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरयापान शासकीय महाविद्यालय में मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। उपस्थित स्टाफ और विद्यार्थियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर कृष्णा लोधी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मटकी फोड़कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता कृष्णा लोधी को महाविद्यालय की ओर से 1000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ आरती धुर्वे, सहायक प्राध्यापक डॉ अभिलाषा चौरसिया, डॉ. दीपिका जैन, डॉ आशीष पांडेय, डॉ दीपक चौधरी, डॉ. नीमा सिंह, डॉ. सोनम साहू, डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. अरुणा दास, रहवर रजा मंसूरी और कंप्यूटर ऑपरेटर कृष्णा लोधी सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रहे प्रकाश, पेयजल और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था

**महापौर ने किया मंदिरों और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर नगर निगम द्वारा शहर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। पर्व के दौरान मंदिरों में काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए नगर निगम द्वारा स्वच्छता, प्रकाश, पेयजल, आवागमन सहित आवश्यक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर के प्रमुख मंदिरों का निरीक्षण कर जन्माष्टमी पर्व की तैयारियों और व्यवस्था का जायजा लिया। महापौर ने सत्यनारायण मंदिर, श्री गोविंद देव मंदिर, श्री महालक्ष्मी मंदिर और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पर्व को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली गई और मौके पर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। मंदिर परिसरों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी पर्व के दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रहती है। ऐसे में मंदिर परिसरों के साथ-साथ आने-जाने वाले मार्गों पर भी स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। महापौर ने मंदिरों तक पहुंचने वाले प्रमुख मार्गों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्गों की स्थिति का जायजा लेते हुए सड़क पर मौजूद गड्ढों की आवश्यक मरम्मत समय रहते पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों तक पहुंचेंगे, ऐसे में आवागमन वाले मार्ग सुगम और सुरक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने सभी चिन्हित गड्ढों की मरम्मत प्राथमिकता के साथ कराने और पर्व से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। महापौर ने मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## बैठक में की गई संगठनात्मक विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

**कान्हा सोनी को बनाया गया बजरंग दल का जिला सह सयोजक**



**नवभारत, उमरियापान।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की महत्वपूर्ण बैठक सत्यम मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में जिले की टोली, नगर टोली, विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक की शुरुआत ब्रह्मनाद और विजय महामंत्र के उच्चारण के साथ हुई। इसके बाद प्रांत अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन के आगामी कार्यक्रमों को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान कान्हा सोनी को बजरंग दल जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए उनके नेतृत्व में सक्रियता से कार्य करने की बात कही। पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि कान्हा सोनी संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में जिले की जिला टोली के साथ नगर टोली और विभिन्न प्रखंडों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठनात्मक विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा।

बैठक के दौरान कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिए गए।

## 250 किलो महुआ लाहन और 30 लीटर शराब जब्त

**बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र में की गई कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** कुठला थाने की बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कैमोरी, घुघरा और करहिया में दबिश देकर पुलिस ने टीम ने 250 किलो महुआ लाहन और 30 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। इस मामले में तीन महिलाओं को आरोपी बनाया गया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। बिलहरी चौकी प्रभारी एसआई नवीन नामदेव की टीम ने सुबह भ्रमण के दौरान क्षेत्र के ग्राम कैमोरी, घुघरा और करहिया में अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी। ग्राम करहिया में दबिश के दौरान तीन महिलाओं के पास से अवैध शराब और लाहन बरामद हुआ। पूरी कार्रवाई एसपी के निर्देश, एएसपी, डीएसपी के मार्गदर्शन में की गई है।

## कानून व्यवस्था के लिए सौंपे गए दायित्व

**कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश**

**नवभारत, कटनी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर 4 सितंबर को जिले में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जन्माष्टमी पर्व पर जिले के प्रमुख मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पूजा-पाठ, झांकियों सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन आयोजनों में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए कलेक्टर ने सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, विद्युत, कानून, शांति व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, नगर निगम, जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, यातायात पुलिस और होमगार्ड सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं। प्रमुख मंदिरों और अधिक भीड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाएगा।

## चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, मुकुट खरीदने वाले सराफा कारोबारी को भी पुलिस ने दबोचा

**पुरानी कचहरी स्थित भगवान हनुमान के मंदिर में हुई थी चोरी**



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत पुरानी कचहरी स्थित हनुमान मंदिर में 28 अगस्त को हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि राजीव गांधी वार्ड निवासी संस्कार मिश्रा ने 28 अगस्त को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पिता अनंत राम मिश्रा पुरानी कचहरी स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी हैं। दोपहर करीब 2 बजे मंदिर पहुंचने पर अंदर का सामान अस्त-व्यस्त मिला और हनुमान जी का चांदी का मुकुट गायब था। मंदिर के बगल की खिड़की की जाली भी टूटी मिली। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात बदमाशों पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज से मिले हुलिए के आधार पर तलाश के दौरान सराफा बाजार में इसी हुलिए से मिलता-जुलता एक संदिग्ध युवक मिला।

पूछताछ में उसने अपना नाम पवन नामदेव पिता रमेश नामदेव, उम्र 19 वर्ष, निवासी इंद्रजीत की दफाई, खलवारा बाजार, कैमोर बताया। सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त फोटो दिखाने पर उसने दूसरे आरोपी की पहचान लेखराज उर्फ मयूर उर्फ भूरा बेन, निवासी बरही के रूप में की। पुलिस पूछताछ में पवन ने बताया कि उसने लेखराज उर्फ मयूर उर्फ भूरा बेन के साथ मिलकर 28 अगस्त की दोपहर मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी किया। चोरी का मुकुट उसके साथी मयूर उर्फ मयूर उर्फ भूरा बेन ने सराफा बाजार के धर्मेन्द्र सोनी को 15 हजार रुपए में बेचा था। जिसके बाद पुलिस ने सराफा बाजार पहुंचकर धर्मेन्द्र सोनी पिता किशनलाल सोनी को भी गिरफ्तार किया और उसके पास से चांदी का मुकुट बरामद किया है।

कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय, प्रधान आरक्षक नितिन जायसवाल, वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, आरक्षक दीपक तिवारी, मंसूर हुसैन, मोहन मण्डलोई, दिनेश सेन, अजीत सिंह और रोहित राठौर की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और उप पुलिस अधीक्षक अजाक शिवा पाठक के मार्गदर्शन कि गई है।

**कार्यशाला** | भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय और विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी योजना के तहत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## स्वावलंबन को बढ़ावा देने से बढ़ेगा स्वरोजगार, नौकरी छोड़ नौकरी देने वाले बने



**नवभारत, कटनी।** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय और विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी योजना अंतर्गत दो दिवसीय कंपोजिट वर्कशॉप का आयोजन लघु उद्योग भारती द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया है। दो दिवसीय कार्यशाला में प्रथम दिवस मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, जिला व्यापार और उद्योग केंद्र महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह के द्वारा दीप प्रज्वल कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री के 2047 लक्ष्य को साकार करने के लिए भारत में उद्यमिता विकास हो इसके लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया, ताकि अधिक से अधिक महिला उद्यमी तैयार हो और स्वरोजगार को बढ़ावा दे। स्वा-सहायता समूह और उद्यमीयो को कार्यशाला में जेड सर्टिफिकेशन, ईसीजी, आरईसीपी अवेयरनेस, एसएचजी फॉर्मलाइजेशन, उद्यमिता विकास, जीआई अवेयरनेस, टीम इनिशिएटिव, ओएनडीसी परिचय शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यशाला का प्रारंभ विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र सिंह राठौड़ अध्यक्ष लघु उद्योग निगम भोपाल, अनिल वासवानी, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती महाकौशल आंचल, हरि सिंह भदौरिया, मुरलीधर रत्नानी और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यालय के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा साइबर जागरूकता 2.0 को लेकर के उद्यमीयो स्वा-सहायता समूह और आईटीआई छात्रों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही न्यू स्टार्टअप पॉलिसी पर अनामिका जैन मैनेजर डीआईसी, एमएसएमई फाइनेंशियल अवेयरनेस जीत जी डीआईसी, ऋण वित्तीय योजना और बैंकिंग सहायता, आरएएमपी कार्यशाला, विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा उद्यमशीलता कैसे बढ़ाया जाए इसकी जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सतेंद्र सिंह राठौर द्वारा उद्यमियों और बच्चों को अपने उद्बोधन मे किस प्रकार से अपने आसपास के क्षेत्र के उत्पाद को बढ़ते हुए स्वरोजगार की ओर बढ़ा जा सकता है, स्वावलंबन को बढ़ावा दिया जा सकता है और आज के परिपेक्ष के विपरीत नौकरी छोड़ नौकरी देने वाला कैसे बना जा सकता है। कार्यशाला का समापन मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में विभिन्न पंचायत और आईटीआई से आए बच्चों, उद्यमियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रशासन, लघु उद्योग भारती को धन्यवाद करते हुए, इस तरह का आयोजन हर विकासखंड में करने कहा गया। कार्यशाला का संचालन अमित सिंघई, निलेश विश्वकर्मा, के द्वारा किया गया। महिला इकाई से प्रिया सोनी, श्वेता सिंघई, रश्मि जैन, आकांक्षा केसरी, अपर्णा गौर सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## खाद्य सुरक्षा की टीम ने लिए खाद्य सामग्री के नमूने

**जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** जिले के नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध ओर गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण और नमूना कार्रवाई लगातार की जा रही है। गुरूवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रघुनाथगंज, कटनी स्थित श्री अमृत डेयरी का निरीक्षण कर दूध, पनीर एवं घी के नमूने लिए। इसी प्रकार नदी पार कटनी स्थित महाकाल डेयरी से दूध, दही और पनीर, ऑलफर्टगंज स्थित जायसवाल डेयरी से दूध के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। मिलावट की आशंका के मद्देनजर लिए गए इन नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। विभाग के अनुसार खाद्य पदार्थों की वास्तविक संरचना एवं गुणवत्ता के संबंध में अंतिम निष्कर्ष प्रयोगशाला परीक्षण से प्राप्त परिणामों के आधार पर ही निकाला जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि कोई नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और संबंधित नियमों, विनियमों के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि मिलावटी, अमानक और गलत नाम या दावों के साथ विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों के विरुद्ध जांच और कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा।